NORTH CENTRAL RAILWAY EMPLOYEES SANGH

Registered, Recognised & Affiliated to N.F.I.R. & I.N.T.U.C.
Central Office : 464/B, Nawab Yusuf Road, Prayagraj (U.P.)

No :19/NCRES/71/84/76/22 Date : 30.1.2022

श्रीमान महाप्रबंधक
नार्थ सेन्ट्रल रेलवे, प्रयागराज

विषय :– सहायक नर्सिंग अधिकारी (ANO) के पद पर पोस्टिंग में रेलवे बोर्ड के प्रावधानो का उल्लंघन किया जाना।

संदर्भ :– प्रधान कार्यालय का आदेश सं0 Pers/Gaz/HQ/07/2022 दिनांक 13.1.2022

महोदय,

चिकित्सा विभाग में सहायक नर्सिंग अधिकारी (ANO) के पद पर चयन हेतु जारी नोटिफिकेशन दिनांक 15.10.2014 के अनुसार दिनांक 26.6.2015 को लिखित परीक्षा का परिणाम घोषित किया गया लेकिन कोर्ट केस इत्यादि के कारण साक्षात्कार विलम्ब से हुआ। साक्षात्कार के बाद दिनांक 13.1.2022 को श्रीमती सरिता दास (ST) व श्रीमती सुनीता अहमद (SC) को ANO के पद पर चयनित घोषित किया गया, लेकिन ANO के पद पर पोस्टिंग के समय रेलवे बोर्ड के प्रावधानो का ध्यान न रखते हुये श्रीमती सरिता दास (ST) से जूनियर श्रीमती सुनीता अहमद (SC) को झांसी में और श्रीमती सरिता दास (ST) को आगरा में पोस्ट कर दिया गया, और यह श्रीमती सरिता दास (ST) , जो तीन वर्ष में सेवानिवृति होने वाली है, के साथ अन्याय है।

इस सम्बन्ध में NCRES को अवगत कराना है कि चिकित्सा विभाग के ग्रुप "बी" में चयन हेतु जो Inter-Se-Seniority प्रधान कार्यालय द्वारा जारी किया गया था, उसमें श्रीमती सरिता दास (ST) से जूनियर श्रीमती सुनीता अहमद (SC) का नाम श्रीमती सरिता दास (ST) से ऊपर था इसलिये श्रीमती सरिता दास (ST) ने वरीयता में सुधार करने के लिये दिनांक 14.11.2012 को प्रधान कार्यालय व झांसी मण्डल में प्रत्यावेदन दिया था। श्रीमती सरिता दास के प्रत्यावेदन पर झांसी मण्डल द्वारा वरीयता में संशोधन कर दिनांक 17.10.2014 को संशोधित वरीयता सूची जारी किया गया जिसमें श्रीमती सरिता दास (ST) का नाम श्रीमती सुनीता अहमद (SC) से ऊपर था।

इसके अतिरिक्त दिनांक 5.1.2022 को साक्षात्कार के समय श्रीमती सरिता दास (ST) ने अवगत कराया था कि वो (सरिता दास) तीन वर्ष में सेवानिवृति होने वाली है और श्रीमती सुनीता अहमद (SC) से वरिष्ट है लेकिन इस पर भी ध्यान नही दिया गया।

पदोन्नति प्रकिया समाप्त होने के उपरान्त जब दिनांक 13.1.2022 को प्रधान कार्यालय ने श्रीमती सुनीता अहमद (SC) को ANO/JHS व श्रीमती सरिता दास (ST) को ANO/Agra के पद पर पोस्ट किया तो श्रीमती सरिता दास (ST) ने पुनः मुख्यालय में दिनांक 17.1.2022 को एक प्रत्यावेदन देकर अवगत कराया कि श्रीमती सुनीता अहमद (SC) से प्रार्थिनी सीनियर है इसलिये प्रार्थिनी श्रीमती सरिता दास (ST) को वरीयता के आधार पर झांसी पोस्ट किया जाय। **यह भी अवगत कराना है कि वरीयता के सम्बन्ध में श्रीमती सरिता दास के दिनांक 17.1.2022 के प्रार्थना पत्र पर मुख्यालय द्वारा झांसी मण्डल से जानकारी ली गई तो झांसी मण्डल ने अपने पत्र दिनांक 24.1.2022 द्वारा GM (P) को अवगत कराया कि श्रीमती सरिता दास (ST), श्रीमती सुनीता अहमद (SC) से वरिष्ठ है।**

NCRES ने भी कार्मिक विभाग को बताया था कि श्रीमती सरिता दास (ST) 3 वर्ष में सेवानिवृति होने वाली है और श्रीमती सुनीता अहमद (SC) से वरिष्ट है, इसलिये पोस्टिंग के समय श्रीमती सरिता दास (ST) की वरीयता का ध्यान रखा जाना चाहिये लेकिन खेद के साथ अवगत कराना है कि झांसी में ANO का दो पद होने के बावजूद NCRES की बातो पर ध्यान नही दिया गया और श्रीमती सरिता दास (ST) के साथ अन्याय करते हुये श्रीमती सरिता दास को ANO के पद पर झांसी के बजाय आगरा पोस्ट कर दिया गया।

NCRES का अनुरोध है कि आप कृपया हस्तक्षेप करे ताकि श्रीमती सरिता दास (ST) को न्याय मिल सके और रेलवे बोर्ड के प्रावधानो के अनुसार श्रीमती सुनीता अहमद (SC) से वरिष्ट श्रीमती सरिता दास (ST), जो 3 वर्ष बाद सेवानिवृति होने वाली है, की भी पोस्टिंग ANO/JHS के पद पर हो सके।

(आर. पी. सिंह)
महामंत्री

प्रतिलिपि :– (1) प्रधान मुख्य चिकित्सा निदेशक, नार्थ सेन्ट्रल रेलवे, प्रयागराज
(2) प्रधान मुख्य कार्मिक अधिकारी, नार्थ सेन्ट्रल रेलवे, प्रयागराज